भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *46**
दिनांक 25.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**आंध्र प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन**

***46. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शनों (एफएचटीसी) की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) आन्ध्र प्रदेश में ग्रामीण परिवारों की कुल संख्या की तुलना में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन प्राप्त करने वाले ग्रामीण परिवारों का प्रतिशत क्या है;
(ग) क्या आन्ध्र प्रदेश में ग्रामीण परिवारों के लिए जल स्रोतों की दूरी कम किए जाने के संबंध में जल जीवन मिशन के प्रभाव का पता लगाने के लिए कोई संपरीक्षा की गई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी आर पाटिल)

(क) से (घ): उत्तर का विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा आंध्र प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी के संबंध में 25.07.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *46 के संबंध में भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) और (ख) भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा में, निर्धारित गुणवत्ता के साथ सुरक्षित और पीने योग्य नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, भारत सरकार ने अगस्त 2019 में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किए जाने वाले जल जीवन मिशन (जेजेएम) का शुभारंभ किया। पेयजल राज्य का विषय है, और इसलिए, जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं सहित पेयजल आपूर्ति योजनाओं की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों को सहयोग प्रदान करती है।

जल जीवन मिशन के शुभारंभ के बाद से देश में ग्रामीण परिवारों तक नल जल की पहुंच बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत के समय, केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, 23.07.2024 तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, लगभग 11.76 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को जेजेएम के तहत नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार, 23.07.2024 तक देश के 19.32 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 15 करोड़ (77.65%) ग्रामीण परिवारों के घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 15 अगस्त, 2019 को राज्य में जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय लगभग 30.74 लाख ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, 39.38 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार, 23.07.2024 तक, आंध्र प्रदेश में 70.12 लाख (73.46%) से अधिक ग्रामीण परिवारों में नल जल आपूर्ति का प्रावधान उपलब्ध है। पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में जेजेएम के अंतर्गत प्रदान किए गए एफएचटीसी की वर्ष-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ग) और (घ) आंध्र प्रदेश में ग्रामीण परिवारों के लिए जल स्रोतों की दूरी कम किए जाने के संबंध में जल जीवन मिशन के प्रभाव का पता लगाने के लिए कोई विशिष्ट लेखापरीक्षा नहीं की गई है। तथापि, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह अनुमान लगाया है कि देश के ग्रामीण परिवारों में नल जल कवरेज की कार्यसंपूर्णता हासिल करने से मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा घरेलू आवश्यकताओं के लिए जल संग्रहण में प्रतिदिन अन्यथा लगने वाले 5.5 करोड़ घंटे से अधिक समय की बचत होगी।

इसके अलावा, सुनिश्चित नल जल आपूर्ति के साथ, जेजेएम ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं, के लिए 'जीवन को आसान' बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। घरेलू परिसर में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीण आबादी के स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और ग्रामीण महिलाओं, विशेषकर घर पर पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करने वाली लड़कियों, के कठोर श्रम में भी कमी आती है। तथापि, ग्रामीण परिवारों के लिए जल स्रोतों की दूरी कम करने के संबंध में जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन के प्रभाव का पता लगाने के लिए भारत सरकार के स्तर पर कोई विशिष्ट लेखापरीक्षा नहीं की गई है।

****

अनुबंध

**दिनांक 25.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *46 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**आंध्र प्रदेश में ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन की जिले-वार स्थिति**

| क्र. सं. | जिले | कुल ग्रामीण परिवारों की संख्या | 15 अगस्त 2019 की स्थिति के अनुसार | | एफएचटीसी प्रदान किए गए ग्रामीण परिवारों की संख्या | | | | | 23 जुलाई 2024 की स्थिति के अनुसार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ग्रामीण परिवारों की संख्या | % | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | ग्रामीण परिवारों की संख्या | % |
| 1 | अलुरी सीठारामा राजू | 2,90,745 | 23,470 | 8.07 | - | - | - | 20,521 | 17,613 | 1,76,646 | 60.76 |
| 2 | अनाकापल्ली | 4,17,489 | 67,359 | 16.13 | - | - | - | 84,579 | 10,950 | 2,63,540 | 63.13 |
| 3 | अनंतपुर | 4,26,438 | 1,90,477 | 44.67 | - | 83,834 | 1,08,424 | 45,296 | 25,806 | 3,60,909 | 84.63 |
| 4 | अन्नमय्या | 3,63,710 | 1,81,397 | 49.87 | - | - | - | 50,591 | 20,646 | 3,63,698 | 100.00 |
| 5 | बापटला | 3,64,788 | 72,292 | 19.82 | - | - | - | 14,798 | 5,574 | 1,48,240 | 40.64 |
| 6 | चित्तूर | 3,70,234 | 2,25,169 | 60.82 | 25,089 | 1,19,481 | 95,385 | 22,851 | 15,236 | 3,70,131 | 99.97 |
| 7 | डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनसीमा | 4,02,434 | 58,474 | 14.53 | - | - | - | 88,151 | 2,786 | 3,03,095 | 75.32 |
| 8 | पूर्व गोदावरी | 3,56,543 | 1,64,538 | 46.15 | 55,737 | 1,37,418 | 1,76,369 | 51,693 | 36,000 | 3,25,336 | 91.25 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | एलुरु | 4,79,752 | 2,56,892 | 53.55 | - | - | - | 55,333 | 11,364 | 4,14,257 | 86.35 |
| 10 | गुंटूर | 2,33,717 | 1,24,676 | 53.34 | 5,874 | 52,028 | 39,307 | 19,060 | 11,302 | 1,57,724 | 67.49 |
| 11 | काकीनाडा | 3,89,205 | 1,01,973 | 26.20 | - | - | - | 91,684 | 5,154 | 3,15,498 | 81.06 |
| 12 | कृष्णा | 3,75,691 | 1,12,952 | 30.07 | 399 | 1,18,913 | 42,105 | 37,826 | 5,571 | 2,22,890 | 59.33 |
| 13 | कुर्नूल | 3,45,790 | 90,710 | 26.23 | - | 74,768 | 56,405 | 45,025 | 33,349 | 2,22,765 | 64.42 |
| 14 | नंदयाल | 3,45,674 | 1,22,973 | 35.57 | - | - | - | 42,511 | 11,458 | 2,54,938 | 73.75 |
| 15 | एनटीआर | 2,67,874 | 77,226 | 28.83 | - | - | - | 17,314 | 5,228 | 1,60,390 | 59.88 |
| 16 | पालनाडु | 4,34,399 | 58,166 | 13.39 | - | - | - | 25,072 | 17,693 | 1,45,097 | 33.40 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | 2,22,444 | 2,847 | 1.28 | - | - | - | 42,362 | 30,185 | 1,65,068 | 74.21 |
| 18 | प्रकाशम | 4,76,454 | 1,19,510 | 25.08 | 20,173 | 95,456 | 61,387 | 71,519 | 8,732 | 3,22,305 | 67.65 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 4,60,415 | 2,37,344 | 51.55 | 444 | 82,119 | 50,959 | 59,392 | 13,998 | 3,98,172 | 86.48 |
| 20 | श्री सत्यसाई | 3,65,072 | 1,44,890 | 39.69 | 3,346 | - | - | 59,057 | 4,061 | 3,04,203 | 83.33 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 5,35,763 | 13,995 | 2.61 | 187 | 76,695 | 48,526 | 63,843 | 56,930 | 2,22,232 | 41.48 |
| 22 | तिरूपति | 4,17,349 | 2,40,311 | 57.58 | - | - | - | 34,225 | 17,915 | 4,16,592 | 99.82 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 59,338 | 10,395 | 17.52 | 3,063 | 91,673 | 81,575 | 15,421 | 603 | 38,911 | 65.58 |
| 24 | विजयनगरम | 4,44,255 | 13,692 | 3.08 | 4,334 | 1,24,892 | 1,17,187 | 86,866 | 5,100 | 2,99,544 | 67.43 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 3,69,137 | 1,70,938 | 46.31 | 11 | 1,34,107 | 32,322 | 49,105 | 6,119 | 3,09,839 | 83.94 |
| 26 | वाई.एस.आर. | 3,29,889 | 1,91,599 | 58.08 | 642 | 1,06,343 | 59,080 | 18,087 | 7,117 | 3,29,865 | 99.99 |
| **कुल** | | **95,44,599** | **30,74,265** | **32.21** | **1,19,299** | **12,97,727** | **9,69,031** | **12,12,182** | **3,86,490** | **70,11,885** | **73.46** |